Asthal Bohar, Rohtak-124021
NH-10, NCR, Haryana (India)

BMU IN NEWS

BABA MASTNATH UNIVERSITY

10 September, 2022
Saturday
Page No.1

दैनिक भास्कर

सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में बाबा मस्तनाथ स्कूल के 19 छात्र हुए उत्तीर्ण

भास्कर न्यूज | रोहतक

अस्थल बोहर स्थित श्री बाबा मस्तनाथ सैनिक स्कूल में रक्षा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से संचालित सैनिक स्कूलों में कक्षा छह के अंतर्गत प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए 6 सितंबर को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। स्कूल के प्रबंध निदेशक कुलदीप राव ने बताया कि इसमें कुल 43 विद्यार्थियों ने लिखित परीक्षा दी थी। इसमें से 19 विद्यार्थी पास हुए। इस प्रवेश परीक्षा का परिणाम 8 सितंबर को रक्षा मंत्रालय की वेबसाइट पर भी जारी कर दिया गया है। पीपीपी मोड के तहत रक्षा मंत्रालय ने देश के चयनित सौ स्कूलों को सैनिक स्कूल की मान्यता दी है। इसमें से राज्य के दो स्कूलों का चयन किया गया। इनमें से एक श्री बाबा मस्तनाथ रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल है। इस सैनिक स्कूल में पीपीपी मोड के तहत 40 फीसदी विद्यार्थी रक्षा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से चयनित किए जाएंगे। रक्षा मंत्रालय के मापदंडों के तहत टेस्ट प्रक्रिया के माध्यम से 60 % छात्र स्कूल से चयनित किए जाएंगे।

हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अस्थल बोहर में स्थित श्री बाबा मस्तनाथ सैनिक स्कूल में रक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित सैनिक स्कूलों में कक्षा छह के अंतर्गत प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए 6 सितंबर को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। स्कूल के प्रबंध निदेशक कुलदीप राव ने बताया कि इस प्रवेश परीक्षा में कुल 43 विद्यार्थियों ने लिखित परीक्षा दी थी। जिसमें से 19 विद्यार्थी पास हुए। इस प्रवेश परीक्षा का परिणाम 8 सितंबर को रक्षा मंत्रालय की वेबसाइट पर भी जारी कर दिया गया है। प्रवेश परीक्षा का आयोजन रक्षा मंत्रालय के द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुरूप सैनिक स्कूल झुंझुनू के प्रधानाचार्य एवं उनकी टीम की निगरानी में किया गया।

उन्होंने यह भी बताया कि पीपी मोड के तहत रक्षा मंत्रालय ने सम्पूर्ण भारत के चयनित सौ स्कूलों को सैनिक स्कूल की मान्यता दी गई। जिसमें से हरियाणा राज्य के दो स्कूल का चयन किया गया। इन दो में से एक रोहतक में स्थित श्री बाबा मस्तनाथ रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल है।

इस सैनिक स्कूल में पीपी मोड के तहत 40 प्रतिशत विद्यार्थी रक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चयनित किए जाएंगे तथा रक्षा मंत्रालय के मापदंडों के तहत टेस्ट प्रक्रिया के माध्यम से 60 प्रतिशत विद्यार्थी स्कूल द्वारा चयनित किए जाएंगे। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार सहित सभी स्टाफकर्मी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

रोहतक केसरी

रोहतक के सैनिक स्कूल का प्रवेश परीक्षा परिणाम हुआ घोषित

कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी।

रोहतक, 9 सितंबर (पंकेस) : रोहतक के अस्थल बोहर में स्थित श्री बाबा मस्तनाथ सैनिक स्कूल में रक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित सैनिक स्कूलों में कक्षा छह के अंतर्गत प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए 6 सितंबर को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। स्कूल के प्रबंध निदेशक कुलदीप राव ने बताया कि इस प्रवेश परीक्षा में कुल 43 विद्यार्थियों ने लिखित परीक्षा दी थी। जिसमें से 19 विद्यार्थी पास हुए।

इस प्रवेश परीक्षा का परिणाम 8 सितंबर को रक्षा मंत्रालय की वेबसाइट पर भी जारी कर दिया गया है। प्रवेश परीक्षा का आयोजन रक्षा मंत्रालय के द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुरूप सैनिक स्कूल झुंझुनू के प्रधानाचार्य एवं उनकी टीम की निगरानी में किया गया।

उन्होंने यह भी बताया कि पी.पी. मोड के तहत रक्षा मंत्रालय ने सम्पूर्ण भारत के चयनित सौ स्कूलों को सैनिक स्कूल की मान्यता दी गई।

जिसमें से हरियाणा राज्य के दो स्कूल का चयन किया गया। इन दो में से एक रोहतक में स्थित श्री बाबा मस्तनाथ रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल है। इस सैनिक स्कूल में पीपी मोड के तहत 40 प्रतिशत विद्यार्थी रक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चयनित किए जाएंगे तथा रक्षा मंत्रालय के मापदंडों के तहत टेस्ट प्रक्रिया के माध्यम से 60 प्रतिशत विद्यार्थी स्कूल द्वारा चयनित किए जाएंगे। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार सहित सभी स्टाफकर्मी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

अमर उजाला

सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में 19 हुए पास

रोहतक। अस्थल बोहर स्थित बाबा मस्तनाथ सैनिक स्कूल में कक्षा छह के तहत प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए छह सितंबर को आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी हो गया है। परीक्षा में 43 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। इनमें से 19 पास हुए। स्कूल के प्रबंध निदेशक कुलदीप राव ने कहा कि परीक्षा का परिणाम रक्षा मंत्रालय की वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है। प्रवेश परीक्षा का आयोजन रक्षा मंत्रालय की ओर से निर्धारित मानदंडों के अनुरूप सैनिक स्कूल झुंझुनू के प्रधानाचार्य एवं उनकी टीम की निगरानी में किया गया। रक्षा मंत्रालय ने संपूर्ण भारत के चयनित सौ स्कूलों को सैनिक स्कूल की मान्यता दी है। इनमें से हरियाणा में बाबा मस्तनाथ रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल एक है। यहां पीपी मोड के तहत 40 प्रतिशत विद्यार्थी रक्षा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से चयनित किए जाएंगे। मंत्रालय के मापदंडों के तहत टेस्ट प्रक्रिया के माध्यम से 60 प्रतिशत विद्यार्थी स्कूल की ओर से चयनित किए जाएंगे। स्कूल प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार समेत स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे। ब्यूरो